फैसल के साथ रिलेशनशिप पर अमीषा पटेल ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों अपनी प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका नाम दिवंगत कांग्रेस नेता अहमद पटेल के बेटे फैसल पटेल के साथ जुड़ा है। फैसल के साथ अमीषा की कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। अब उन्होंने फैसल के साथ अपने रिलेशनशिप पर चुप्पी तोड़ी है। किसी तरह के अफेयर को दरकिनार करते हुए अमीषा ने एक इंटरव्यू में फैसल को अपना दोस्त बताया है। अमीषा ने कहा कि उनके और फैसल के बीच कुछ भी नहीं चल रहा है। इस प्रकार उन्होंने अपनी प्रेम कहानी की अटकलों को खारिज किया है। अमीषा ने कहा, यह बहुत हास्यपूर्ण वाक्या है ! हम एक-दूसरे को सालों से जानते हैं। मैं उनका और उनकी बहन की दोस्त हूं। वह मैसेज हमारे बीच सिर्फ एक अंदरूनी मजाक था। इससे ज्यादा कुछ नहीं है। मैं सिंगल हूं और सिंगल रहकर खुश हूं। हाल में फैसल के जन्मदिन के खास मौके पर अमीषा ने उन्हें विश करने के लिए एक कोलाज फोटो शेयर किया था। साथ ही उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, हैप्पी बर्थडे माय डार्लिंग फैसल, लव यू, आपका साल मंगलमय हो। इसी पोस्ट का जवाब देते हुए फैसल ने अपने पोस्ट में लिखा था, धन्यवाद, अमीषा। मैं सार्वजनिक तौर पर प्रपोज कर रहा हूं। मुझसे शादी करोगी? खैर बाद में फैसल ने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया था। भले ही फैसल ने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया हो, लेकिन फैंस के बीच एक संदेश चला गया। तभी से दोनों की प्रेम कहानी के किस्से चल रहे हैं। अमीषा ने सफाई देते हुए कहा कि अभी उन्हें किसी के साथ रिलेशनशिप में रहने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर फैसल के प्रपोजल को मजाक बताया।

फरहान अख्तर मार्च में गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर संग करेंगे शादी ?

फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर काफी समय से अपने अफेयर को लेकर चर्चाओं का हिस्सा बने हुए हैं. वहीं यह कपल बॉलीवुड के मोस्ट एडोरेबल कपल में शामिल हैं. आप सभी जानते ही होंगे दोनों साथ में समय बिताना पसंद करते हैं और अब इस कपल ने शादी के बंधन में बंधने का फैसला कर लिया है. जी हाँ, सामने आने वाली रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरहान और शिबानी इसी साल मार्च के महीने में ग्रैंड वेडिंग करके हमेशा के लिए एक दूसरे का हाथ थामने वाले हैं. एक मशहूर वेबसाइट से बातचीत में इस कपल से जुड़े सूत्र ने बताया है कि फरहान और शिबानी शादी करने जा रहे हैं. सूत्र का कहना है- फरहान और शिबानी मुंबई में मार्च के महीने में लैविश वेडिंग करने की प्लानिंग कर रहे थे.

हालाँकि कोरोना के बढ़ते खतरे और कई बॉलीवुड सेलेब्स को कोरोना की चपेट में आता देखकर उन्होंने अपनी शादी को इंटीमेट रखने का फैसला किया है. इसी के साथ सूत्र ने बताया कि फरहान और शिबानी ने अब करीबी रिश्तेदारों और परिवार की मौजूदगी के बीच ही शादी करने का फैसला किया है. इसके अलावा सूत्र ने आगे बताया- फरहान और शिबानी लंबे समय से एक दूसरे के साथ रह रहे हैं और वो कोरोना के बीच अपनी शादी में और देरी नहीं करना चाहते हैं. इसलिए उन्होंने अब इंटीमेट वेडिंग करने का

फैसला किया है. दोनों ने वेडिंग वेन्यू के लिए 5 स्टार होटल भी बुक कर लिया है और शादी से जुड़ी ज्यादातर चीजों को दोनों फाइनल कर चुके हैं.सामने आने वाली रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि शादी में शिबानी और फरहान भी बाकी सेलिब्रिटी कपल की तरह सब्याचासी के डिजाइनर आउटफिट ही पहनेंगे. जी हाँ और दोनों ने शादी के लिए पेस्टल कलर्स के आउटफिट चुने हैं. आप सभी को बता दें कि शिबानी और फरहान 3 साल से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं. जी हाँ और शिबानी ने फरहान के नाम का टैटू भी बनवाया है।

नये साल पर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने वरुण बंगेरा संग अपने रिश्ते पर लगाई मुहर

टेलीविजन की जानी मानी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज के लिए जानी जाती है। पिछले ही दिनों वे बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा संग अपनी सगाई को लेकर चर्चा में आयीं थी। सोशल मीडिया पर उनकी सगाई की कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई थी।

भले ही सोशल मीडिया पर करिश्मा और वरुण की सगाई की तस्वीरें वायरल हुई थी, लेकिन एक्ट्रेस की ओर से इस रिलेशनशिप को लेकर कोई भी ऑफीशियल जानकारी सामने नहीं आयीं थी। लेकिन नये साल पर करिश्मा ने वरुण संग अपने रिश्ते की ऑफीशियल अनाउंसमेंट कर दी। एक्ट्रेस ने अपने

सोशल मीडिया हैंडल पर बॉयफ्रेंड वरुण के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की है और साथ ही यह भी कहा है कि वह साल 2022 के लिए काफी एक्साइटेड है। करिश्मा द्वारा शेयर की गई तस्वीरों की बात करें तो एक में वह वरुण के हाथों में हाथ डाले बीच पर चलती हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरी तस्वीर में, दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे घास के मैदान में वॉक करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं तीसरी तस्वीर में यह कपल हाथों में हाथ डाले बैठा हुआ है। इन फोटोज को पोस्ट करते हुए करिश्मा ने कैप्शन में लिखा है, धन्यवाद 2021, प्त2022 के लिए उत्साहित..आप सभी को नया साल मुबारक हो।

हीरोपंती 2 से भूल भुलैया 2 तक, इस साल आएंगी कई हिट फ्रेंचाइजी की फिल्में

बॉलीवुड के लिए नया साल कई वजहों से खास साबित होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। मेकर्स इस उम्मीद में हैं कि इस साल कोरोना महामारी का असर फिल्म इंडस्ट्री पर नहीं पड़ेगा।

आज हम आपको उन हिट फ्रेंचाइजी की फिल्मों से रूबरू कराएंगे, जो 2022 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। दर्शक इन फिल्मों की राह लंबे समय से देख रहे हैं।

टाइगर श्रॉफ की फिल्म हीरोपंती 2 का दशर्कों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म इसी साल अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के पहले भाग हीरोपंती के साथ टाइगर ने बॉलीवुड में कदम रखा था। यह फिल्म हिट साबित हुई थी और टाइगर के अभिनय को भी सराहना मिली थी। हीरोपंती 2 का निर्देशन अहमद खान ने किया है। टाइगर के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और तारा सुतारिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

भूल भुलैया का जादू बड़े पर्दे पर खूब चला था। फिल्म 2007 में आई थी, जिसमें अक्षय कुमार और विद्या बालन नजर आए थे। इसके सीक्वल भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं। वह तब्बू और कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मार्च में दशर्कों के बीच आएगी। अब देखना है कि ऑरिजनल फिल्म की तरह यह फिल्म अपना जलवा दिखा पाती है या नहीं। 2018 में आई कॉमेडी फिल्म बधाई हो पर दशर्कों ने दिल खोलकर प्यार बरसाया था। गजराज राव, नीना गुप्ता, आयुष्मान खुराना और सान्या मल्होत्रा ने अपने अभिनय से फिल्म में तड़का लगाया था। अब इस फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म बधाई दो की रिलीज का इंतजार है। इसका निर्देशन हर्षवर्धन कुलकर्णी ने किया है। इस फिल्म में राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर नजर आएंगे। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। एक विलेन 2014 में आई थी। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की कमाई की थी। अब इसकी अगली कड़ी एक विलेन रिटर्न्स जुलाई में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में दिशा पटानी, जॉन अब्राहम, तारा सुतारिया और अर्जुन कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ऑरिजनल फिल्म की तरह इस फिल्म का निर्देशन भी मोहित सूरी कर रहे हैं। 2001 में आई गदरः एक प्रेम कथा बॉलीवुड की ऐतिहासिक फिल्म है। गदर में सनी देओल तारा सिंह नामक शख्स के किरदार में दिखे थे, जबकि अमीषा पटेल सकीना के किरदार में दिखी थीं।

खेल जगत

जोहानिसबर्ग पिच पर भड़के आकाश चोपड़ा यह टेस्ट क्रिकेट के लिए नहीं है सही

नई दिल्ली जनवरी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट जोहानिसबर्ग के द वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। टेस्ट का दूसरा दिन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर ने 7 विकेट लिये जो उनके टेस्ट करियर में अब तक का बेस्ट प्रदर्शन है। लेकिन इसी बीच पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने जोहान्सबर्ग पिच पर भड़क गये।

आकाश चोपड़ा ने ट्वीट कर दूसरे दिन को लेकर जोहान्सबर्ग पिच की आलोचना की और जोर देकर कहा कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए सही नहीं है। बता दें कि दूसरे दिन पिच पर असमान उछाल बल्लेबाजों को परेशान करती रही। कुछ गेंदें खतरनाक ऊंचाइयों पर पहुंच गईं, जिससे दर्शकों को 2018 के टेस्ट की याद आ गई, जब कप्तान डीन एल्गर को चोटें लगी थी।ठाकुर की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन की पहली पारी में अच्छी बढ़त लेने से रोक दिया। हालांकि दूसरी पारी में भारत की शुरुआत खराब रही। भारत के 202 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में सिर्फ 229 रन बनाए। भारत के इस प्रदर्शन के नायक रहे ठाकुर जिन्होंने 17.5 ओवर में 61 रन देकर सात विकेट लिए। शार्दुल का यह प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भी गेंदबाज का अबतक का बेस्ट प्रदर्शन है। दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत ने 2 विकेट पर 85 रन बना लिए थे यानी उसके पास 58 रन की बढत हो गई है। चेतेश्वर पुजारा 35 और अजिंक्य रहाणे 11 रन बनाकर खेल रहे हैं।

बीबीएल में कोरोना का प्रकोप, ब्रिस्बेन हीट और सिडनी सिक्सर्स के बीच होने वाला मैच स्थगित

नई दिल्ली । कोरोना का प्रकोप पूरी दुनिया एक बार फिर बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में बिग बैश लीग 2021-22 भी इस महामारी से प्रभावित हो रहा है। ब्रस्बिन हीट फ्रेंचाइजी में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते के कारण ब्रिस्बेन हीट और सिडनी सिक्सर्स के बीच होने वाले मैच को स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को ब्रस्बिन हीट फ्रेंचाइजी में कोरोना संक्रमण के मामले सामने के बाद बिग बैश लीग के शेड्यूल में बदलाव करना पड़ा था। वहीं, मेलबर्न स्टार्स ने जानकारी दी कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। मेलबर्न स्टार्स ने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ जीत दर्ज की, जिसके बाद टीम के कप्तान मैक्सवेल रैपिड एंटीजेन टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव पाए गए। मैक्सवेल आइसोलेशन में हैं और उनकी आरटी पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार है। मेलबर्न स्टार्स के अभी तक कुल 12 खिलाड़ी और आठ स्टाफ मेंबर्स कोरोना पॉजिटिव पाए जा चुके हैं।इस बीच मेलबर्न स्टार्स के लिए अच्छी खबर यह है जिसमें एडम जाम्पा, मार्कस स्टॉयनिस और नाथन कूल्टर नाइल समेत 10 खिलाड़ियों का सात दिनों का अनिवार्य आइसोलेशन पीरियड अगले मैच तक पूरा हो जाएगा। अगले दो दिनों में इन खिलाड़ियों का अनिवार्य आइसोलेशन पीरियड खत्म हो जाएगा और टीम के अगले मैच के लिए ये सभी चयन के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।मेलबर्न स्टार्स के लिए मौजूदा बीबीएल कुछ खास नहीं रहा है, टीम ने अभी तक कुल आठ मैच खेले हैं, जिसमें से महज तीन में ही जीत दर्ज की है।

पॉइंट्स टेबल में बांग्लादेश की लंबी छलांग, न्यूजीलैंड को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली । आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 में बांग्लादेश ने अपनी पहली जीत दर्ज की है और वह भी शानदार तरीके से। बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बे ओवल में खेले गए दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई है।

बांग्लादेश ने पॉइंट्स टेबल में टॉप-5 में जगह बना ली है। बांग्लादेश अब 33.33 परसेंटेज ऑफ पॉइंट्स के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। बांग्लादेश ने सीरीज में 1-0 से अजेय बढ़त बना ली है। एबादत हुसैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने दूसरी पारी में छह विकेट लेकर बांग्लादेश की जीत की नींव रखी। टीम की रैंकिंग परसेंटेज ऑफ पॉइंट्स के हिसाब से तय होगी। जीत के लिए 12 पॉइंट्स, टाई मैच के लिए छह पॉइंट्स, ड्रॉ मैच के लिए चार पॉइंट्स और हार के लिए कोई पॉइंट नहीं होगा। जीतने पर 100 परसेंटेज ऑफ पॉइंट्स, टाई पर 50 परसेंटेज ऑफ पॉइंट्स, ड्रॉ पर 33.33 परसेंटेज ऑफ पॉइंट्स और हारने पर 0 परसेंटेज ऑफ पॉइंट्स होगा।